# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़
**प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर**

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / सी.भ.2023 / सहा.शि. / 2024 / 72 नवा रायपुर, दिनांक 04 / 03 / 2024

## प्रेस विज्ञप्ति

शिक्षक सीधी भर्ती 2023 में सहायक शिक्षक पद हेतु अभ्यर्थियों की चतुर्थ चरण की ऑनलाईन काउंसिलिंग दिनांक 05.03.2024 प्रातः 11:00 बजे से 06.03.2024 दोपहर 12:00 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in/ में प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार सहायक शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल https://eduportal.cg.nic.in/ पर देखी जा सकती है। काउंसिलिंग उपरांत चतुर्थ चरण के दस्तावेज सत्यापन में कुल 1348 अभ्यर्थियों को शामिल किया जा रहा है। शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का **दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिला के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा।** अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति प्रदान करेगें। दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 07.03.2024 को आबंटित जिला के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा। पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र एवं कार्यभार ग्रहण प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 09.03.2024 तक किया जायेगा, इसके पश्चात् अभ्यर्थी विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि दस्तावेज सत्यापन के द्वितीय चरण में सामान्य श्रेणी के अनारक्षित प्रवर्ग में पात्र पाये गये रैंक 2018 से 2245 तक के 34 अभ्यर्थियों को पूर्व में आबंटित जिला में जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा पदस्थापना आदेश जारी किया जायेगा।

**उपसंचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय**
**छत्तीसगढ़**

E/letter from 01-2024/letter